कोटद्वार, शुक्रवार
10 अक्टूबर 2025
वर्षः 47
अंकः 152 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### देहरादून जू में दो माह में आएगा सफेद बाघ, सुविधाएं बढ़ाने पर हुई चर्चा

देहरादून। जू में जल्द ही दर्शकों को सफेद बाघ देखने का मौका मिलेगा। जू बोर्ड की गुरुवार को मालसी स्थित जू में हुए समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि दो माह के भीतर सफेद बाघ को जू में लाया जाएगा। प्रमुख वन सचिव वन आरके सुधांशु की अध्यक्षता में हुई बैठक में जू में सुविधाएं बढ़ाने के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें मल्टीलेवल पार्किंग, नए शौचालय निर्माण, भुगतान के लिए क्यूआर कोड सिस्टम, फीडबैक प्रणाली और ऑटोमेटेड पार्किंग की व्यवस्था शामिल हैं। इसके साथ ही जू परिसर में एक स्मारिका (सुविनियर) दुकान खोलने और आगंतुकों की सुविधा के लिए अन्य सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए है।

### रामनगर में पूर्व सभासद के बेटे की सड़क हादसे में मौत

हल्द्वानी। नया गांव तेलीपुरा हाइवे के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार रामनगर में पूर्व सभासद के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएसआई मो. यूनुस ने बताया कि बुधवार की देर रात टेडा रोड लखनपुर निवासी 37 वर्षीय प्रशांत रावत और मौलेखाल निवासी भरत की तेलीपुरा के पास नया गांव में दोनों बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं काशीपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान प्रशांत ने दम तोड़ दिया। एसएसआई ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। प्रशांत अपने किसी दोस्त से पीरुमदारा मिलने गया था और वापस अपने घर लौट रहा था। वह शादीशुदा था और उसके एक साल का बेटी है। वहीं तीन–भाई बहन है। प्रशांत ठेकेदारी का काम करता था। उनकी माता विमला रावत नगर पालिका में पूर्व सभासद रह चुकी है।

### आईसीआईसीआई बैंक में कंपनी के खाते से 50 लाख की धोखाधड़ी

हरिद्वार। आईसीआईसीआई बैंक में एक बड़ी कंपनी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी निदेशक बताकर उनके नाम पर डेबिट कार्ड हासिल कर लिया और उससे करीब 50 लाख रुपये की अवैध खरीदारी और धन निकासी कर डाली। मामले में बैंक प्रबंधक ने कोतवाली नगर में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर रितेश शाह ने बताया कि कैश फ्री पेमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आकाश सिन्हा के नाम से आईसीआईसीआई बैंक की हरिद्वार शाखा में खाता संचालित है। बैंक में दर्ज शिकायत में बताया गया कि किसी व्यक्ति ने स्वयं को आकाश सिन्हा बताकर शाखा से नया डेबिट कार्ड प्राप्त कर लिया। उसने बैंक में आकाश सिन्हा के नाम का आधार कार्ड प्रस्तुत किया।

### हरिद्वार में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की ट्रेन से कटकर हुई थी मौत

हरिद्वार। हरिद्वार में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रेम कुमार के रूप में हुई है, जो पूर्व में एक अमेरिकी कंपनी में टीम लीडर के तौर पर काम कर चुका है।

पुलिस ने बताया कि प्रेम कुमार तलाक के बाद मानसिक तनाव में थे और घटना से पहले स्थानीय लोगों ने उन्हें ट्रैक पर घूमते हुए देखा था। हादसा बीते बुधवार दोपहर बाद ज्वालापुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ था, जब पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन से कटे होने की सूचना मिली थी। मौके पर दो बैग मिले थे। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि व्यक्ति पिछले डेढ़ घंटे से रेलवे ट्रेक के आसपास घूम रहा था। पुलिस ने जानकारी जुटाई तो युवक के मामा रवि कुमार का नंबर मिला।

## ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने की तैयारी?

# जैश ने बनाई महिला आतंकियों की विंग, मसूद अजहर की बहन बनी सरगना



इस्लामाबाद , भारतीय सुरक्षा बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर में भारी नुकसान झेलने के बाद, आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद ने भारत के खिलाफ एक नई और खतरनाक साजिश रची है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, जैश ने अपनी रणनीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए पहली बार महिला आतंकियों की एक अलग शाखा 'जमात–उल–मोमिनात का गठन किया है। चिंता की बात यह है कि इस महिला विंग की कमान जैश सरगना मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर को सौंपी गई है।

सूत्रों के अनुसार, सादिया अजहर का पति यूसुफ अजहर 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर स्थित जैश के मुख्यालय पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमले में मारा गया था। माना जा रहा है कि इस महिला दस्ते का गठन जैश को हुए नुकसान का बदला लेने और नए सिरे से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया गया है। यह जैश की विचारधारा में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि अब तक यह संगठन महिलाओं को सीधे तौर पर लड़ाकू अभियानों में शामिल करने के खिलाफ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस महिला विंग के लिए भर्ती पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित मरकज उस्मान–ओ–अली से शुरू हो गई है। जैश अपने कमांडरों की पत्नियों के अलावा, कराची, मुजफ्फराबाद, कोटली और मनसेहरा जैसे शहरों में स्थित अपने केंद्रों में पढ़ने वाली आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब महिलाओं को निशाना बना रहा है और उन्हें संगठन में शामिल कर रहा है। यह भारत के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती है, क्योंकि जैश–ए–मोहम्मद 2001 के संसद हमले और 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमले जैसी कई बड़ी आतंकी वारदातों में शामिल रहा है। महिला आतंकियों के दस्ते का गठन सुरक्षा बलों के लिए एक नई तरह की चुनौती पेश कर सकता है, क्योंकि यह ढ्ढस्ढ्ढस् और हमास जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों की कार्यप्रणाली से मेल खाता है।

### 10 अक्तूबर को बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

चमोली : सिखों के तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शुक्रवार 10 अक्तूबर को दोपहर एक बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जायेंगे। इस वर्ष 25 मई को हेमकुंड के कपाट खुले थे। कपाट बंद होने से पहले गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमैंट ट्रस्ट ने गुरुद्वारे के दरबार साहिब और परिसर को फूल मालाओं से सजा दिया है।

ट्रस्ट के अनुसार कपाट बंद होते समय दो हजार तीर्थ यात्री मौजूद रहेंगे। मंगलवार और बुधवार को भारी हिमपात होने के कारण अभी हेमकुंड में डेढ़ फीट से अधिक बर्फ मौजूद है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 50 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने हेमकुंड साहिब के दर्शन किए हैं। इस वर्ष अभी तक दो लाख 72 हजार तीर्थ यात्रियों ने हेमकुंड के दर्शन किए हैं, बकि पिछले वर्ष में यह संख्या दो लाख 30 हजार थी। गोविन्दघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि कपाट बंद होने के समय कनाडा, मलेशिया, दिल्ली, पंजाब, बीकानेर की संगतें मौजूद रहेंगी। कपाट बंद होने के समय ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा और 9वीं स्वतंत्र पर्वतारोहण ब्रिगेड के ब्रिगेड कमान्डर एमएस डिल्लो भी मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

# बद्रीनाथ में भी श्रद्धालुओं की संख्या का बना रिकॉर्ड

**●बुधवार को तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 14.53 लाख के पार●अभी डेढ़ माह और चलेगी यात्रा, 25 नवंबर को बंद होंगे कपाट●वर्ष 2024 में पूरे यात्रा काल में आए थे 14.35 लाख दर्शनार्थी**



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : सुप्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम की यात्रा को लेकर भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या ने पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार तक कुल 14 लाख 53 हजार 827 तीर्थयात्री भगवान बद्रीविशाल के दर्शन को पहुंच चुके हैं, जबकि कपाट बंद होने में अभी डेढ़ माह का समय शेष है। बीते वर्ष 2024 में पूरे यात्रा काल में कुल 14 लाख 35 हजार 341 श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर पहुंचे थे। धामी सरकार के कुशल यात्रा प्रबंधन के चलते चारधाम यात्रा कीर्तिमान स्थापित कर रही है। शासन-प्रशासन ने खराब मौसम को यात्रियों की राह में रोड़ा नहीं बनने दिया। मौसम के मिजाज को देखते हुए सभी यात्रा रूटों और पड़ावों में चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्रा मार्ग पर वाहनों का आवागमन सुचारू बना रहे, इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर सड़कों को तुरंत खुलवाने के लिए विशेष टीम की तैनाती के साथ ही जेसीबी की व्यवस्था की गई है। धामों में यात्रियों को ठहराने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यात्रा मार्ग में यात्रियों को तत्काल मदद पहुंचाने के लिए एसडीआरएफ जवानों की तैनाती है। अब बर्फवारी के चलते ठंड बढ़ने पर अलाव की भी व्यवस्था कर दी गई है। सरकार की ओर से किए गए इन पुख्ता इंतजामों के चलते श्रद्धालु पूरी निश्चिन्तता के साथ चारधाम यात्रा पर पहुंच रहे हैं। केदारनाथ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में भी पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की बढ़ती संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। बुधवार को 5042 यात्रियों ने भगवान बद्रीविशाल के दर्शन किए। जैसे जैसे कपाटबंदी की तिथि करीब आ रही है, यात्रियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। बता दें धाम के कपाट आगामी 25 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

**चारधाम यात्रा–कब बंद होंगे कपाट**

| | |
|---|---|
| गंगोत्री | 22 अक्टूबर |
| यमुनोत्री | 23 अक्टूबर |
| केदारनाथ | 23 अक्टूबर |
| बद्रीनाथ | 25 नवंबर |

### केदारनाथ में बर्फबारी से बढ़ी ठंड

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में बीते तीन दिनों तक हुई बर्फबारी से भले ही यात्रियों ने इसका आनंद भी उठाया, किंतु उम्रदराज यात्रियों को बर्फबारी के बीच मुश्किलें भी उठानी पड़ी। रास्तों में बर्फ गिरने से फिसलन हुई जबकि कड़ाके की ठंड के बीच परेशानियों का सामना करना पड़ा। केदारनाथ में इस बार कपाट बंद होने से पहले ही अच्छी बर्फबारी हुई है। हालांकि अभी मंदिर परिसर और निचले स्थानों पर बर्फ रुक नहीं रही है किंतु पहाड़ियों में बर्फ जमने लगी है। भैरव पहाड़ी से चारों ओर ऊंची हिम श्रंखलाएं बर्फ की सफेद चादर ओढ़े हुई है। बीती रात भी जमकर हिमपात हुआ। जबकि गुरुवार सुबह मौसम साफ रहा। धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# मुख्यमंत्री धामी हुए नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 120वें वार्षिक सत्र में शामिल

**– औद्योगिक विकास और निवेश के क्षेत्र में उत्तराखंड देश का अग्रणी राज्य बनेगा : मुख्यमंत्री**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 120वें वार्षिक सत्र में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों व विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधिगणों का स्वागत करते हुए कहा कि पीएचडी चैंबर ने बीते 120 वर्षों में देश की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास और उद्यमशीलता की भावना को सशक्त करने में जो भूमिका निभाई है वो अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम इस महत्वपूर्ण सत्र में भारत की एक विश्वसनीय वैश्विक साझेदार के रूप में उभरती भूमिका और उसमें उत्तराखंड राज्य के योगदान जैसे विषय पर सार्थक विचार–विमर्श के लिए एकत्रित हुए हैं। हम सभी जानते हैं कि किसी भी देश की आर्थिक प्रगति में उद्योगों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उद्योग न केवल रोजगार के अवसर उत्पन्न करते हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश के उद्योगपति, उद्यमी और नीति–निर्माता एक साथ राष्ट्र उत्थान पर चिंतन और मंथन के लिए जुटते हैं, तो उसका प्रभाव केवल उद्योग जगत तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और राष्ट्र के समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। यह कॉन्क्लेव केवल उद्योग जगत का सम्मेलन भर नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक शक्ति, सांस्कृतिक चेतना और वैश्विक नेतृत्व की नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला एक सशक्त मंच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति ने भारत को एक नई दिशा प्रदान की है। आज भारत में न केवल निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है, बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक परिवर्तन आया है आदरणीय मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया और इस संकल्प को साकार करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। यही नहीं, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम खड़ा करने वाला देश बन चुका है। आज हमारे स्टार्टअप्स ग्लोबल इनोवेशन में अपनी पहचान बना रहे हैं, डिजिटल इंडिया ने आम नागरिक तक तकनीक को पहुँचाया है और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन और विनिर्माण का हब बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

आज विश्व के बड़े बड़े देश ये देखकर अचंभित हैं कि भारत में सब्जी की एक छोटी सी दुकान लगाने वाली महिला भी यूपीआई के के माध्यम से मोबाइल से पेमेंट का लेनदेन कर रही है।

### पिता ने नाबालिग बेटी से किया रेप, प्रेमी ने भी लूटी अस्मत, दोनों गिरफ्तार

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में बुजुर्ग ने अपनी ही नाबालिग बेटी को हवस का शिकार बना डाला। बेटी गर्भवती हो गई तो उसने बेटी को गर्भपात की दवा खिला दी। इससे किशोरी की हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

इधर, पुलिस ने पिता के साथ ही प्रेमी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रेमी ने पूर्व में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान जब डॉक्टरों ने पूछताछ की तो नाबालिग ने बताया कि उसके पिता ने ही यह घिनौना कृत्य किया है। मामले की जानकारी होते ही नाबालिग की बहन ने थाना कनखल पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

इसके बाद जांच में यह भी खुलासा हुआ कि नाबालिग के प्रेमी प्रियांश पुत्र राजीव कुमार निवासी संन्यासियों वाला जसपुर (उधमसिंह नगर) का भी इसमें हाथ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

## हवाई अड्डे पर मानव तस्करी का पर्दाफाश

# फर्जी कागजात से महिला को विदेश ले जा रहा एजेंट हिरासत में



मुंबई ,छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों की सतर्कता से मानव तस्करी के मामले का खुलासा हुआ है। अधिकारियों ने फर्जी विवाह प्रमाणपत्र के सहारे 28 वर्षीय महिला कमलजीत कौर को नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम ले जाने की कोशिश की। कागजों की जांच में विसंगति पाए जाने के बाद आरोपी विजय कुमार राधेश्याम ग्रोवर (43) को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर सच सामने लाने की कोशिश कर रही है। घटना 7 अक्टूबर की है। दिल्ली में ट्रैवल एजेंट के रूप में काम करने वाला राधेश्याम ग्रोवर पंजाब के जालंधर का रहने वाला है। वह महिला के साथ हवाई अड्डे पर पहुंचा और दावा किया कि वे शादीशुदा हैं तथा एम्स्टर्डम जा रहे हैं। उन्होंने दिसंबर 2023 का एक विवाह प्रमाणपत्र पेश किया, जिसके गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) से जारी होने का दावा किया गया। नियमित पूछताछ के दौरान अधिकारियों को उनके जवाबों में विरोधाभास नजर आया। गहन जांच में प्रमाणपत्र फर्जी साबित हुआ। महिला ने पूछताछ में बताया कि ग्रोवर ने विदेश जाने के लिए 25 लाख रुपये लिए थे। आरोपी ने कबूल किया कि वे शादीशुदा नहीं हैं। पुलिस को शक है कि ग्रोवर ने 30–35 लोगों के लिए फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनवाए हैं। वह थाईलैंड, चीन, दुबई, लंदन समेत नौ देशों में 13 बार यात्रा कर चुका है। मामले में उसके पार्टनर गुरजीत सिंह की तलाश जारी है, जो महिला को आरोपी से जोड़ने वाला मध्यस्थ था।

# बिहार की मतदाता सूची को लेकर पी. चिदंबरम ने चुनाव आयोग से पूछे 7 सवाल



नई दिल्ली , बिहार में चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कांग्रेस द्वारा कड़ी आलोचना के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने गुरुवार को चुनाव आयोग से 7 सवालों का जवाब मांगा है। ये सवाल बिहार विधानसभा चुनावों से पहले 'मतदाता शुद्धिकरण' अभियान में कथित अनियमितताओं से जुड़े हैं। पी. चिदंबरम ने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा है कि वे चुनाव आयोग पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन भारत के लोगों, खासकर बिहार के मतदाताओं को इन सवालों के जवाब जानने का अधिकार है। बिहार की मतदाता सूची की विश्वसनीयता को लेकर चिदंबरम ने चुनाव आयोग से पूछा है कि भारत सरकार के अनुसार बिहार की कुल वयस्क आबादी का अनुमान क्या है। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सही आबादी के आधार पर ही मतदाता सूची बनाई जाती है। उन्होंने यह जानना चाहा कि बिहार के वयस्कों के कितने प्रतिशत हिस्से को चुनावी मतदाता सूची में शामिल किया गया है। क्या यह आंकड़ा 90.7 प्रतिशत के करीब है? चिदंबरम ने पूछा है कि बिहार की वयस्क जनसंख्या का 9.3 प्रतिशत हिस्सा जो चुनावी सूची में नहीं है, उसके पीछे क्या कारण हैं? क्या ये लोग वोट देने से वंचित रह जाएंगे? चिदंबरम ने यह भी पूछा कि क्या मतदाता सूची में करीब 24,000 ऐसे नाम हैं जो समझ में नहीं आते या गड़बड़ हैं? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या चुनावी सूची में 200,000 से अधिक घर के नंबर या पते गलत या खाली हैं?

उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या मतदाता सूची में लगभग 520,000 नाम डुप्लीकेट यानी दोहराए गए हैं? पी. चिदंबरम ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए इन सवालों का जवाब देगा? उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह इन सभी सवालों के जवाब दें ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास बना रहे।

### जालंधर में आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा के दो आतंकी गिरफ्तार

जालंधर , पंजाब पुलिस ने त्योहारी सीजन से पहले बड़ी सफलता हासिल की है। जालंधर में काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब ढाई किलो आरडीएक्स बरामद किया है और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरजिंदर सिंह और दीवान सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक रिमोट डिवाइस भी जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि ये विस्फोटक सामग्री किसी बड़े आतंकी हमले के लिए तैयार की गई थी। सूत्रों के अनुसार, बरामद आरडीएक्स पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े नेटवर्क के जरिए पंजाब में पहुंचाया गया था। पुलिस का मानना है कि आतंकी संगठन त्योहारों के दौरान राज्य में अशांति फैलाने की साजिश रच रहे थे, लेकिन समय रहते सुरक्षा एजेंसियों ने उनके मंसूबे नाकाम कर दिए। जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपियों के तार बब्बर खालसा इंटरनेशनल (ब्यद्ब) के एक मॉड्यूल से जुड़े हैं, जिसे यूके–स्थित हैंडलर निशान और आदेश संचालित कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इन लोगों को ब्यद्ब के कुख्यात आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा से निर्देश मिलते थे।

# आग से नहीं खेलें: ममता बनर्जी

**सीएम ने चुनाव आयोग पर लगाया बंगाल के अधिकारियों को धमकाने का आरोप**



कोलकाता , बंगाल में भी एक तरह से चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग के अनुसार पश्चिम बंगाल में 2 नवंबर से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) शुरू हो सकता है। आयोग ने आज कोलाघाट में पूर्व मेदिनीपुर, बांकुड़ा और झाड़ग्राम जिलों के बीएलओ और ईआरओ–एईआरओ के साथ एक अहम बैठक में उक्त संकेत दिए। इधर बंगाल में एसआईआर की तैयारियां शुरू होते ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर विरोध में तन गईं है। आज उन्होंने राज्य सचिवालय के नवान्न सभागार से लाइव प्रेस कॉन्फ्रेंस की और साफ चेतावनी दी, "अगर किसी भी समुदाय के किसी भी नागरिक का नाम जल्दबाजी में रद्द किया जाता है, तो यह ठीक नहीं होगा। मैं कह रही हूं कि, आग से मत खेलो। बंगाल में अभी आपदा की स्थिति है। लोगों के घर और दस्तावेज बाढ़ में बह गए हैं। अब लोग अपने दस्तावेज कहां से जमा करेंगे? कुछ लोग त्योहारों की छुट्टियों पर बाहर गए हुए हैं। अब वे अपने दस्तावेज कैसे जमा करेंगे?" दुर्गा पूजा के दौरान बंगाल के नादिया जिले के दो नागरिकों को एनआरसी नोटिस मिले है। यह जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया, "आपने एसआईआर के नाम पर एनआरसी नोटिस क्यों भेजे? असम सरकार किस अधिकार से बंगाल के लोगों को यह नोटिस भेज रही है? आगे–पीछे एसआईआर क्या है? क्या आप जबरदस्ती एनआरसी करेंगे? आप कभी नहीं कर पाएंगे। एसआईआर के नाम पर वोट काटने की साज़िश है। केंद्रीय एजेंसियों का राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश है।" मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर बड़ा आऱोप लगाया है। ममता ने दावा किया है कि आयोग राज्य के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सरकार ऐसी धमकियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर आग से खेल रही है।

# क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए राजनाथ सिंह ने की ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री से बात



नई दिल्ली ,भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और उप–प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने अपनी इन बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। रक्षा मंत्री ने अपने पहले पोस्ट में लिखा, कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ शानदार मुलाकात हुई। उन्होंने भारत के साथ अपने गहरे जुड़ाव को बड़े स्नेह के साथ याद किया। मुझे विश्वास है कि भारत–ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय संबंध और अधिक गहरे व मजबूत होंगे। दूसरे पोस्ट में उन्होंने रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ बैठक का जिक्र करते हुए लिखा, ऑस्ट्रेलिया के उप–प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ एक सार्थक बैठक हुई। हमने रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों सहित भारत–ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग के सभी आयामों की समीक्षा की। हमने अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व की पुनः पुष्टि की। उन्होंने कहा, मैंने भारत के रक्षा उद्योग के तेजी से हो रहे विकास और वैश्विक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली रक्षा तकनीक के विश्वसनीय स्रोत के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला। हमने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा उद्योग में गहरी साझेदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की। राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ऑस्ट्रेलिया के दृढ़ समर्थन की सराहना की।

उन्होंने कहा, हम मिलकर एक स्वतंत्र, खुला और लचीला हिंद–प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए अपने सहयोग को और गहरा करेंगे। दूसरी ओर प्रधानमंत्री अल्बानीज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत की रक्षा साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है, जो विश्वास, साझा हितों और एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है। ऑस्ट्रेलिया–भारत रक्षा मंत्रियों की पहली वार्ता के लिए ऑस्ट्रेलिया की अपनी पहली यात्रा पर भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर बहुत खुशी हुई।

### छिंदवाड़ा कफ सिरप केस : दवा कंपनी का मालिक चेन्नई से गिरफ्तार

छिंदवाड़ा ,मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप के कारण 20 बच्चों की मौत के बाद दवा कंपनी के मालिक रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है। चेन्नई पुलिस की सहायता से मध्य प्रदेश पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी सामने आई है कि कंपनी मालिक रंगनाथन को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से गिरफ्तार किया गया है। मासूम बच्चों की मौत के बाद कंपनी मालिक रंगनाथन फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इसी कड़ी में पुलिस ने गुरुवार सुबह उसे अरेस्ट कर लिया। रंगनाथन को आगे की जांच के लिए सुंगुवरछत्रम ले जाया जा रहा है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में 20 बच्चों की जिस 'कोल्ड्रिफझ् कफ सिरप से मौत हुई थी, वह श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स ने बनाई थी। जांच में खुलासा हुआ कि सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से ज्यादा थी, जिससे बच्चों के गुर्दे (किडनी) फेल हो गए। इस घातक लापरवाही के बाद राज्य सरकार ने श्रीसन फार्मा के सभी उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया।

# संत प्रेमानंद महाराज के स्वस्थ्य को लेकर बड़ी अपडेट आई सामने



वृंदावन , पिछले कुछ दिनों से पूज्य श्री हित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फैल रही निराधार अफवाहों पर विराम लगाते हुए उनके आश्रम श्री हित राधा केलि कुंज परिकर ने एक विस्तृत और स्पष्ट एडवाइजरी जारी की है। आश्रम ने न केवल गुरुदेव के स्वास्थ्य की आधिकारिक जानकारी साझा की है, बल्कि भक्तों से झूठी खबरों को न फैलाने की अपील भी की है। इस एडवाइजरी ने गुरुदेव के लाखों अनुयायियों के बीच फैले भ्रम और चिंता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आश्रम द्वारा जारी नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि पूज्य गुरुदेव श्री हित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक है। परिकर ने अवगत कराया कि गुरुदेव किसी भी प्रकार की अस्वस्थता से पीड़ित नहीं हैं और वह अपनी दैनिक दिनचर्या में पूर्ववत सक्रिय हैं। उनकी साधना, सत्संग, और अन्य नियमित गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। आश्रम ने भक्तों को आश्वस्त किया कि गुरुदेव की दिनचर्या में कोई व्यवधान नहीं है और वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

## सम्पादकीय

# खोखला होता भविष्य और सपने

"ड्रग्स फ्री उत्तराखंड" की कल्पना के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन स्पष्ट है। प्रदेश भर में नशा तस्करी पर लगाम करने के लिए राज्य पुलिस को कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं तो साथ ही नारकोटिक्स विभाग भी पुलिस विभाग के साथ मिलकर नशाखोरी को रोकने के लिए काम करेगा। इधर छात्रों पर पनपते नशे के प्रभाव को देखते हुए अब जिला स्तर पर पुलिस द्वारा आकस्मिक चेकिंग भी जा रही है जिसके तहत देहरादून के एक निजी शैक्षिक संस्थान में 17 छात्र छात्राओं के रेंडम यूरिन टेस्ट किए गए। हालांकि सभी टेस्ट नेगेटिव पाए गए लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई के बाद निश्चित तौर पर एक संदेश छात्र–छात्राओं के बीच जाएगा। राज्य बनने के बाद से ही उत्तराखंड कभी भी नशा तस्करी से मुक्त नहीं हो पाया। तमाम कोशिशें के बावजूद नए तरीके और नए गिरोह इस काले कारोबार में पनपते रहे। कुछ छोटे नशा तस्कर जरूर जेल भेजे गए लेकिन इससे नशा मुक्त समाज का सपना पूरा नहीं हो पाया। नशे के कारोबार में लगातार इजाफा होता चला आ रहा है और स्थिति यह है कि कम उम्र के युवा नशा तस्करों के सॉफ्ट टारगेट बने हुए हैं। इधर राज्य सरकार ने अब नशा तस्करी और तस्करों पर रोकथाम लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई का मन बना लिया है और इसी के तहत ड्रग्स फ्री मिशन उत्तराखंड को ध्यान में रखा गया है। पुलिस अब नशे का सेवन करने वालों एवं बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के तहत पकड़े जाने पर तुरंत संगीन धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज करेगी तो उधर नशे के खेल से जुड़े बड़े सरगनाओ तक पहुंचाने के लिए भी पुलिस की संयुक्त टीम में काम करेंगी। समाज में नशाखोरी इस प्रकार से समाहित हो चुकी है कि वह युवाओं के भविष्य और शरीर को दीमक की तरह खोखला बना रही है। यहां शैक्षिक संस्थानों के संचालकों को स्थानीय निवासियों एवं छात्र–छात्राओं के अलावा उनके अभिभावकों को बेहद जागरूक होने की जरूरत है। पुलिस तंत्र अपना काम करता है लेकिन जरूरत है ऐसी सूचना संबंधित एजेंसियों तक पहुंचाने की जो नशा तस्करी को रोकने में वैधानिक तौर पर कार्रवाई कर सके।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी

**अजीत द्विवेदी**

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के असली सवोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी क्या कुछ ऐसा कर रहे हैं, जो उनको नहीं करना चाहिए? यह बड़ा सवाल है क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं उस पर सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से सवाल उठाया जाता है और सोशल मीडिया में सक्रिय भाजपा के इकोसिस्टम व कथित पत्रकारों की ओर से भी सवाल उठाया जाता है। वे युवाओं की बात करते हैं तो कहा जाता है कि युवाओं को उकसा रहे हैं। वे लद्दाख के आंदोलन का समर्थन करते हैं तो कहा जाता है कि देश तोड़ने वालों के साथ हैं। विदेश में जाकर भाषण देते हैं और मौजूदा सरकार की कमियां गिनाते हैं तो उन पर विदेश में जाकर देश विरोधी काम करने का आरोप लगाया जाता है। वे 'वोट चोरीइ के आरोप लगाते हैं और मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हैं तो कहा जाता है कि वे संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वे क्रोनी कैपिटलिज्म का मुद्दा उठाते हैं तो कहा जाता है कि वे देश को आर्थिक तरक्की नहीं चाहते हैं और देश को पिछड़ा बनाए रखना चाहते हैं इसलिए उद्योगपतियों पर सवाल उठा रहे हैं। आदि, आदि।

वास्तविकता यह है कि इनमें से कोई भी काम ऐसा नहीं है, जो मुख्य विपक्षी पार्टी का नेता होने और लोकसभा में नेता विपक्ष होने के नाते उनको नहीं करना चाहिए। वे वही काम कर रहे हैं, जो करने की जिम्मेदारी उनको देश के नागरिकों ने दी है। ध्यान रहे देश के मतदाता सिर्फ सरकार नहीं चुनते हैं, बल्कि विपक्ष भी चुनते हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में कमजोर विपक्ष चुना और मजबूत सरकार चुनी। लेकिन 2024 में कमजोर सरकार और मजबूत विपक्ष चुना। देश के सौ करोड़ मतदाताओं के जनादेश से ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तो राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं। जैसे प्रधानमंत्री जनता की ओर से दी गई जिम्मेदारी निभा रहे हैं वैसे ही राहुल गांधी भी मतदाताओं द्वारा दी गई जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

हां, यह जरूर है कि वे इस जिम्मेदारी को और बेहतर ढंग से निभा सकते थे। उनके पास अब 21 साल का राजनीतिक और विधायी कामकाज का अनुभव है। इसमें से 10 साल उनकी पार्टी सरकार में रही तो निश्चित रूप से सरकार के कामकाज भी उनकी भूमिका रही। सो, वे सरकारी कामकाज के तौर तरीकों से परिचित हैं तो 11 साल की विपक्ष की राजनीति करके वे विपक्ष की भूमिका से भी बखूबी परिचित हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को एक मजबूत विपक्ष के तौर पर काम करते देखा है। उन्हें यह जरूर सोचना चाहिए कि क्या वे उस तरह से विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, जैसे भाजपा ने 2004 से 2014 के बीच निभाई थी? विपक्ष की भूमिका से आशय संसद के अंदर के कामकाज से नहीं है। वहां तो कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां भी वैसे ही संसद स्थगित कर रही हैं, हंगामे और नारेबाजी कर रही हैं, जैसे भाजपा करती थी। लेकिन संसद के बाहर और मीडिया स्पेस में जिस तरह से भाजपा ने काम किया वह विपक्ष की टेक्स्टबुक भूमिका थी। कांग्रेस के सरकार में होने के बावजूद भाजपा ने कानून व्यवस्था से लेकर भ्रष्टाचार और महंगाई तक अपना नैरेटिव बनाया और कांग्रेस सारे समय उसका जवाब देती रही।

**विपक्ष की भूमिका से आशय संसद के अंदर के कामकाज से नहीं है। वहां तो कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां भी वैसे ही संसद स्थगित कर रही हैं, हंगामे और नारेबाजी कर रही हैं, जैसे भाजपा करती थी। लेकिन संसद के बाहर और मीडिया स्पेस में जिस तरह से भाजपा ने काम किया वह विपक्ष की टेक्स्टबुक भूमिका थी। कांग्रेस के सरकार में होने के बावजूद भाजपा ने कानून व्यवस्था से लेकर भ्रष्टाचार और महंगाई तक अपना नैरेटिव बनाया और कांग्रेस सारे समय उसका जवाब देती रही। इसके उलट आज जब राहुल गांधी और कांग्रेस विपक्ष में हैं तब भी भाजपा और सरकार ही नैरेटिव बना रहे हैं और कांग्रेस उनका जवाब दे रही है। यानी विपक्ष में होकर भी कांग्रेस रिसीविंग मोड में है। यह भाजपा के नैरेटिव की ताकत है, उसकी होशियारी, अति सक्रियता और संसाधनों की बहुतायत है या कांग्रेस की कमजोरी है यह अलग बहस का विषय है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले 11 साल में एकाध मौकों को छोड़ दें तो कांग्रेस कभी भी सरकार को घेरने, उसे बैकफुट पर लाने और उसको जवाबदेह बनाने वाले नैरेटिव के सेंटर में नहीं रही। ज्यादातर मौकों पर अराजनीतिक समूहों ने सरकार को जवाबदेह बनाया। कांग्रेस को इस पर विचार करने की जरुरत है कि आखिर वह क्यों बहुत प्रभावी विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रही है। उसे इस पर भी सोचना चाहिए कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैसे लगातार एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने या बढ़ने नहीं देने के लिए काम कर रहे हैं।**



इसके उलट आज जब राहुल गांधी और कांग्रेस विपक्ष में हैं तब भी भाजपा और सरकार ही नैरेटिव बना रहे हैं और कांग्रेस उनका जवाब दे रही है। यानी विपक्ष में होकर भी कांग्रेस रिसीविंग मोड में है। यह भाजपा के नैरेटिव की ताकत है, उसकी होशियारी, अति सक्रियता और संसाधनों की बहुतायत है या कांग्रेस की कमजोरी है यह अलग बहस का विषय है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले 11 साल में एकाध मौकों को छोड़ दें तो कांग्रेस कभी भी सरकार को घेरने, उसे बैकफुट पर लाने और उसको जवाबदेह बनाने वाले नैरेटिव के सेंटर में नहीं रही। ज्यादातर मौकों पर अराजनीतिक समूहों ने सरकार को जवाबदेह बनाया। कांग्रेस को इस पर विचार करने की जरुरत है कि आखिर वह क्यों बहुत प्रभावी विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रही है। उसे इस पर भी सोचना चाहिए कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैसे लगातार एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने या बढ़ने नहीं देने के लिए काम कर रहे हैं।

बहरहाल, विषयांतर हो रहा है लेकिन मूल बात यह है कि राहुल गांधी वही काम कर रहे हैं, जो देश के नेता प्रतिपक्ष के नाते उनको करना चाहिए। राहुल गांधी अगर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और उसकी निष्ठा संदिग्ध बता रहे हैं तो वे ऐसा करने वाले पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं। जब भाजपा विपक्ष में थी तो उसके नेता भी चुनाव आयोग पर, चुनाव प्रक्रिया पर और ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं। लालकृष्ण आडवाणी ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे और उनके करीबी जीवीएल नरसिंहराव ने इस पर किताब लिखी थी। बाद में जीवीएल को राज्यसभा भेजा गया था। उससे भी बहुत पहले जब बैलेट से चुनाव होता था आडवाणी और दूसरे विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था इंदिरा गांधी ने बैलेट पर ठप्पा लगाने वाली स्याही रूस से मंगाई है, जो मिट जाती है। सो, आज राहुल गांधी कह रहे हैं कि चुनाव आयोग मतदाता सूची में और मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ कर रहा है तो यह विपक्ष के नेता का स्वाभाविक आरोप है। ऐसे ही राहुल गांधी जब 'जेन जीइ यानी 13 साल से लेकर 28 साल तक के युवाओं की बात करते हैं और कहते हैं कि उनको 'वोट चोरीइ की असलियत का यकीन हो गया तो वे बरदाश्त नहीं करेंगे। इस पर भाजपा कह रही है कि राहुल गांधी युवाओं को नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी तख्तापलट के लिए उकसा रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि पहले विपक्षी नेताओं ने इस तरह की बात नहीं की है या तख्तापलट की अपील नहीं की है। तमाम समाजवादी नेता आज भी राममनोहर लोहिया की इस बात को दोहराते हैं कि, 'जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करतींइ। यहां तो लोहिया साफ साफ लोगों को बगावत के लिए उकसाते दिख रहे हैं लेकिन उनके इस बयान को स्वाभाविक लोकतांत्रिक भावना के तौर पर देखा गया। ऐसे ही जयप्रकाश नारायण ने जब सेना और पुलिस से अपील की थी कि वे सरकार के साथ असहयोग करें तो तब की कांग्रेस सरकार ने यही कहा था कि वे सेना और पुलिस को बगावत के लिए उकसा रहे हैं। लेकिन तब से लेकर आज तक यही माना जाता है कि जेपी लोकतंत्र की रक्षा कर रहे थे। सो, अगर डॉक्टर लोहिया और जेपी गलत नहीं थे तो राहुल कैसे गलत हैं?

जहां तक विदेश जाकर सरकार के खिलाफ बोलने का सवाल है तो इसका भी लंबा इतिहास रहा है। खुद प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने विदेशी धरती पर जाकर अपने से पहले वाली सरकारों के कामकाज की खूब आलोचना की। एक बार तो वे भवावेश में यहां तक कह गए थे कि 2014 से पहले लोगों को शर्म आती थी कि कहां से भारत में पैदा हो गए। यह बात मोदी ने विदेश में ही कही थी। उससे बहुत पहले जब संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करके इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी तब सुब्रह्मण्यम स्वामी भी विदेश जाकर भारत सरकार के खिलाफ समर्थन जुटा रहे थे तो जेल में बंद जॉर्ज फर्नांडीज की पत्नी लैला कबीर भी विदेश जाकर उनकी रिहाई का आंदोलन चला रही थीं। सो, विदेश जाकर अपने देश की सरकार के कामकाज की आलोचना करना देश का अपमान नहीं होता है। अब रही बात जन आंदोलनों का समर्थन करने की तो यह सबसे हैरान करने वाली बात है कि आंदोलनों से बनी और दशकों तक लगातार विपक्ष में रह कर आंदोलन खड़ा करने वाली भारतीय जनसंघ और भाजपा के नेता कैसे आंदोलन के समर्थन को देश विरोध बता सकते हैं? राहुल ने किसान आंदोलन का समर्थन किया या सीएए के खिलाफ हुए आंदोलन का समर्थन किया या लद्दाख के आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ये सभी लोकतांत्रिक आंदोलन थे, जो इस देश के नागरिकों ने अपने अधिकार के लिए चलाए थे।

# ईरान को भी बरबाद कर दिया जाएगा

अमेरिका ईरान के कथित परमाणु कार्यक्रम के कारण पर तत्काल और बेहद कड़े प्रतिबंध लगाने पर आमादा है। अपने सहयोगी देशों के साथ मिल कर ईरान की मुश्कें ऐसे कस देना चाहता है जिससे ईरान निकलने के लिए छटपटाता रह जाए। इस काम में उसे संयुक्त राष्ट्र का भी साथ मिल गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के कारण उस पर फिर से तत्काल प्रतिबंध न लगाने के कुछ देशों के आखिरी प्रयास को समय सीमा से एक दिन पहले ही खारिज कर दिया। यह कदम ऐसे समय उठाया है जब पश्चिमी देशों ने दावा किया कि ईरान के साथ हफ्तों की बैठकों के बावजूद कोई ठोस समझौता कर पाने में उन्हें सफलता नहीं मिल पाई है। ईरान को प्रतिबंधों से बचाने का प्रयास उसके निकटतम सहयोगी रूस और चीन कर रहे हैं। दोनों देशों ने ईरान पर फिलहाल प्रतिबंध नहीं लगाने संबंधी प्रस्ताव 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को पेश किया था, जिसे मंजूरी के लिए नौ देशों का समर्थन चाहिए था, जो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को शनिवार से प्रभावी होने से रोकने के लिए जरूरी था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपराजदूत दिमित्री पोल्यान्स्की ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि यूरोपीय सहयोगी और अमेरिका ब्लैकमेल की बजाय बातचीत का रास्ता चुनेंगे। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिबंधों की बहाली के बाद विदेश में ईरानी संपत्तियों को फिर से जब्त कर लिया जाएगा, ईरान के साथ हथियारों के सौदे रुक जाएंगे और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम जारी रखने पर ईरान पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने इस फैसले को 'अनुचित, अन्यायपूर्ण और अवैधइ करार दिया है। परमाणु अप्रसार संधि से हटने की चेतावनियों के बावजूद पेजेश्कियान ने कहा है कि ईरान का ऐसा करने का इरादा नहीं है। 2003 में इस संधि को छोडने़ वाला उ. कोरिया परमाणु हथियार बनाने में लगा है। चार देश– चीन, रूस, पाकिस्तान और अल्जीरिया चाहते हैं कि ने ईरान को यूरोपीय देशों और अमेरिका के साथ बातचीत का और समय दिया जाए। ईरान ने कहना शुरू कर दिया है कि अमेरिका ने कूटनीति का पालन नहीं किया लेकिन यूरोपीय देशों ने तो कूटनीति को दफन ही कर दिया। देखना है कि जोर–जबर की चालों से ईरान को भी इराक की तरह बरबाद तो नहीं कर दिया जाएगा।

**संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपराजदूत दिमित्री पोल्यान्स्की ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि यूरोपीय सहयोगी और अमेरिका ब्लैकमेल की बजाय बातचीत का रास्ता चुनेंगे। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिबंधों की बहाली के बाद विदेश में ईरानी संपत्तियों को फिर से जब्त कर लिया जाएगा,**

## फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी

अमेरिका से कारोबारी रिश्तों को बेहतर बनाने के प्रयासों के बीच कुछ ऐसा हो गया है जो इस प्रयास में गंभीर अड़ंगा डाल सकता है। अमेरिका से एक बुरी खबर आई है जो कुछ भारतीयों की संदेहास्पद हरकतों पर रोशनी डालती है, जिससे रिश्तों में फिर खटास आ सकती है। कथित तौर पर इन लोगों में कुछ व्यावसायिक अधिकारी और कुछ बड़े कारपोरेट नेता शामिल हैं। मामला दर्दनाशक दवाओं के नाम पर ऐसे दवा अनुपूरकों (फेंटेनाइल प्रीकर्सर) की तस्करी से जुड़ा है जिसे अमेरिका में अक्षम्य अपराध माना जाता है क्योंकि अमेरिका की युवा पीढ़ी बड़े पैमाने पर इनका इस्तेमाल मादक पदार्थ के रूप में करती है।

यह लत अमेरिका में राष्ट्रीय समस्या का रूप ले चुकी है। अमेरिका ने फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी में कथित संलिप्तता के चलते कुछ भारतीय व्यावसायिक अधिकारियों और कारपोरेट नेताओं के वीजा रद्द कर दिए हैं और उन्हें आगे वीजा देने से इनकार कर दिया गया है। हालांकि उन कारोबारी नेताओं की पहचान उजागर नहीं की गई है जिनके वीजा रद्द कर दिए गए। इस मुद्दे पर नई दिल्ली की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फेंटेनाइल प्रीकर्सर का आशय उन रसायनों से है जिनसे मादक पदार्थ बनाए जाते हैं। अमेरिकी दूतावास का कहना है कि जिन लोगों के वीजा रद्द किए गए हैं, वे और उनके परिजन हमेशा के लिए अमेरिका यात्रा के लिए अयोग्य करार दिए जा सकते हैं। अमेरिकी दूतावास के अनुसार, अमेरिका में फेंटेनाइल और इससे संबंधित उत्पादों को रोकना हमारी सवोच्च प्राथमिकता है।

# फिल्म प्रमोशन में क्लिकबेट सवालों के जवाब देकर वायरल होने की होड़ : वरुण धवन

अभिनेता वरुण धवन की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की टीम इसके जोरदार प्रमोशन में जुटी है। वरुण धवन ने आईएएनएस से खास बातचीत में बताया कि फिल्म के प्रमोशन के दौरान आजकल एक्टर्स को जबरदस्ती के सवालों का जवाब देना पड़ता है। इनमें कुछ क्लिकबेट सवाल होते हैं, जो सिर्फ वायरल होने के लिए ही पूछे जाते हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे आजकल फिल्म प्रमोशन और मार्केटिंग में पारंपरिक गर्मजोशी और मस्ती–मजाक की कमी हो रही है। जब वरुण धवन से पूछा गया कि क्या आजकल फिल्म प्रमोशन में प्रामाणिकता की कमी है, तो वरुण धवन ने आईएएनएस से कहा, पहले के इंटरव्यू में ईमानदारी और एक–दूसरे से जुड़ने का एहसास होता था। अब अक्सर ऐसा लगता है कि हम दर्शकों से जुड़ने के बजाए ऐसे



सवालों के जवाब दे रहे हैं जो वायरल होने के लिए पूछे जाते हैं। हमें और भी गहरे और सार्थक इंटरव्यू और सवाल–जवाब की जरूरत है। उनके विचारों से सहमति जताते हुए जाह्नवी कपूर ने कहा, सोशल मीडिया के साथ सब कुछ बदल गया है। हम अभी भी मार्केटिंग के पुराने फार्मूले अपना रहे हैं, लेकिन दर्शक और भी ज्यादा स्मार्ट हो गए हैं। यहां तक कि इंटरव्यूज में भी वह उत्साह नहीं रहा, जैसे कोई बातचीत के बीच में ही माइक एडजस्ट कर देता हो। मुझे खुशी है कि आज हम इतने सारे इंटरव्यूज कर रहे हैं क्योंकि इससे हमें अपने दर्शकों और उनकी उम्मीदों से फिर से जुड़ने में मदद मिलती है।

## सामंथा रुथ प्रभु के फोन वॉलपेपर पर किसकी तस्वीर

साउथ की एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु का फिल्मी करियर हिट रहा है और फैंस ने भी एक्ट्रेस पर खुलकर प्यार लुटाया है, लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ हमेशा सुर्खियों में रही है। तलाक के बाद सबसे ज्यादा एक्ट्रेस को हेल्थ प्रॉब्लम हुई और उन्हें अपनी ऑटोइम्यून मायोसिटिस नाम की बीमारी के बारे में पता चला। बीमारी के बारे में जानने के बाद से ही एक्ट्रेस ने अपनी हेल्थ पर फोकस करना शुरू किया और अब वो कुछ दिन खुद को हील करने में लगाती हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने मौन की तरफ लौटने का फैसला लिया है और फैंस से इस बारे में बात की है। एक्ट्रेस हर तीन महीने में एक बार ईशा फाउंडेशन जाती हैं और शारीरिक और मानसिक शांति के लिए सेशन लेती हैं। वहां जाने से पहले उन्होंने फैंस से बात की और उनके पूछे हुए सवालों का जवाब दिया। एक यूजर ने सामंथा से सवाल किया कि वो आगे किस प्रोजेक्ट में दिखने वाली हैं। इस सवाल का खुलकर जवाब न देते हुए एक्ट्रेस ने मुस्कुराकर कहा कि वो कई प्रोजेक्ट्स कर रही हैं, लेकिन किसी का नाम नहीं ले सकती। दूसरे यूजर ने पूछा कि ईशा फाउंडेशन में क्या खास है। समांथा ने जवाब देते हुए कहा, मैं कई सालों से यहां आ रही हूं और मुझे लगता है कि ये जगह मेरा दूसरा घर है, जो मुझे दोगुनी ऊर्जा देता है।

# रोनाल्डो बने दुनिया के पहले अरबपति फुटबॉलर, नेटवर्थ जान उड़ जाएंगे होश

लिस्बन ,फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। ब्लूमबर्ग की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, रोनाल्डो अब दुनिया के पहले ऐसे फुटबॉलर बन गए हैं, जिन्होंने अरबपतियों की सूची में जगह बनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 1.4 अरब डॉलर (करीब 12,352 करोड़ रुपये) आंकी गई है।

2002 से 2023 के बीच रोनाल्डो ने 550 मिलियन डॉलर से भी अधिक की कमाई की। यह रकम उन्हें मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंटस जैसे दिग्गज क्लबों के साथ खेलने के अलावा, एंडोर्समेंट और निवेश से प्राप्त हुई। 40 वर्षीय रोनाल्डो का करियर फुटबॉल इतिहास के सबसे लाभदायक करियरों में से एक माना जा रहा है।

**सालाना 18 मिलियन डॉलर की कमाई**

रोनाल्डो की आय का सबसे बड़ा



जरिया उनके ब्रांड अनुबंध हैं।साथ उनकी डील से उन्हें हर साल 18 मिलियन डॉलर (करीब 160 करोड़ रुपये) की आय होती है। जैसे कई ग्लोबल ब्रांड्स के भी एंबेसडर हैं।

**सोशल मीडिया के सम्राट**

सोशल मीडिया पर भी रोनाल्डो का दबदबा कायम है। उनके 665 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं, जो किसी भी व्यक्ति से सबसे ज्यादा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वे एक इंस्टाग्राम पोस्ट से ही करोड़ों रुपये की कमाई कर लेते हैं।

**अल—नासर के साथ करार बना करियर का टर्निंग पॉइंट**

साल 2023 में रोनाल्डो ने जब सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल–नासर से करार किया, तो वह उनके करियर का सबसे बड़ा आर्थिक मोड़ साबित हुआ। इस अनुबंध से उन्हें सालाना 200 मिलियन डॉलर (करीब 17,760 करोड़ रुपये) की आय होती है। वहीं, क्लब से जुड़ते समय उन्हें 30 मिलियन डॉलर (करीब 2,664 करोड़ रुपये) का साइनिंग बोनस भी मिला था।

**रोनाल्डोः खेल और कमाई दोनों के बादशाह**

फुटबॉल मैदान पर अपने जादू और मेहनत से पहचान बनाने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब खेल जगत में कमाई के शिखर पर पहुंच चुके हैं। उनके नाम पर यह उपलब्धि केवल फुटबॉल ही नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ती है।

# मेरे लिए फैशन वह है जो आरामदायक हो — दिव्यांका त्रिपाठी

मुंबई में इन दिनों बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2025 चल रहा है। इसमें बॉलीवुड और टीवी की कई मशहूर हस्तियों ने हिस्सा लिया। यहां लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यंका त्रिपाठी दहिया भी दिखाई दीं। उन्होंने आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में फैशन और ब्रांड्स पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि उनके लिए फैशन का क्या मतलब है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ब्रैंड के प्रति ज्यादा लगाव रखती हैं, तो दिव्यंका ने कहा, नहीं, मैं ब्रैंड पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मैं अपनी पसंद की चीजें लेना पसंद करती हूं, चाहे उनका ब्रांड कुछ भी हो। अगर वह मुझे पसंद आती है, तो वह अधिक महत्वपूर्ण है। जो मुझे सूट करता है और जो मुझे



पसंद है, मैं वही चुनती हूं, चाहे उसका ब्रांड कुछ भी हो।

उनके लिए फैशन के क्या मायने हैं, इस बारे में आगे बात करते हुए दिव्यंका ने आईएएनएस को बताया, मेरे लिए फैशन वह सब कुछ है जो आरामदायक हो। हां, यह आंखों को भाने वाला होना चाहिए, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि यह मेरे लिए आरामदायक होना चाहिए। जो भी चीज आरामदायक होने के साथ–साथ आकर्षक भी हो, वह फैशन है, चाहे वह सादा हो या शानदार।

## रोहित और विराट के संन्यास के बाद केएल राहुल पर है बड़ी जिम्मेदारी : पार्थिव पटेल

नई दिल्ली , भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने केएल राहुल की प्रशंसा करते हुए कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद राहुल पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। जियोहॉटस्टार से बात करते हुए पार्थिव पटेल ने कहा, केएल राहुल जिम्मेदारी के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी राहुल पर आ गई है। हम उनके कौशल को जानते हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ गेंद को अपने पास आने देते हैं और अपने पैरों का बेहतरीन इस्तेमाल करते हैं। यह शैली उन पर पूरी तरह से जंचती है। अब सबसे जरूरी चीज है गति पकड़ने की उनकी क्षमता, जिसका जिक्रउन्होंने खुद किया है। वह शुरुआत में समय लेते हैं, गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षण का आकलन करते हैं, और फिर आक्रमण करने के लिए सही मौके चुनते हैं।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कर सकते हैं वापसी

नई दिल्ली ,ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी–20 सीरीज खेली जाएगी। पहले दो मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का चयन नहीं हुआ है, लेकिन बाकी तीन मैचों में यह स्टार खिलाड़ी वापसी कर सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी–20 मैच 29 अक्टूबर को कैनबरा में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने दो टी–20 मैचों के लिए टीम की घोषणा कर दी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी–20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भरोसा जताया है कि वे बाकी मैचों में वापसी करेंगे। अपनी कलाई की फ्रैक्चर सर्जरी के



बाद उन्होंने रिकवरी अपडेट देते हुए कहा कि वह 29 अक्टूबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 सीरीज के आखिरी तीन मैचों में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। पिछले हफ्ते हुई सर्जरी के बाद वह रिकवरी की राह पर हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि इससे उनकी वापसी में तेजी आएगी। मैक्सवेल ने मेलबर्न में पत्रकारों से कहा, सर्जरी के बाद मुझे भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैचों में खेलने की उम्मीद है, बशर्ते मैं समय पर फिट हो जाऊं। मेरे सामने दो विकल्प थे–या तो सीरीज को पूरी तरह छोड़ दूं और सर्जरी से बचूं या सर्जरी करवाकर थोड़ी–सी संभावना बनाए रखूं। मैंने सर्जरी का विकल्प चुना ताकि बिग बैश लीग (बीबीएल) से पहले तैयार हो सकूं और अपने शरीर को पूरी तरह ठीक कर सकूं।

## संक्षिप्त समाचार

### सतपुली मल्ली का संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त, लोग परेशान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सतपुली मल्ली का संपर्क मार्ग एनएच निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया है। संपर्क मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क धंसने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। बारिश शुरू होने के बाद से ही मल्ली सतपुली तिराहे की हालत बिगड़ने लगी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही बारिश से भूधंसाव हो गया था। इसके बाद एनएच के सड़क निर्माण काम के दौरान सड़क के किनारे खुदाई की गई जिससे गांव की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव को आवागमन करने को अन्य कोई मार्ग भी नहीं है। दो दिन लगातार हुई भारी बारिश से सड़क पर गड्ढे होने शुरू हो गए थे। तिराहे के पास की सड़क 100 मीटर धंस गई। सड़क के बीचो-बीच कई दरारें आई है। साथ ही सड़क कई जगह से पूरी क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके चलते आवागमन करना मुश्किल हो गया है। सड़क पर वाहन चलाने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएच के इंजीनियर विनय भदौरिया ने बताया कि टीम ने मौका मुआयना किया है।

### डागर पट्टी में चार दिनों से अंधेरे में जिंदगी जीने को मजबूर ग्रामीण

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के डागर पट्टी और अकरी-बारजूला पट्टी में ग्रामीण चार दिनों से अंधेरे में जिंदगी जीने को मजबूर हैं। विद्युत आपूर्ति न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग की है। गुरुवार को इस संदर्भ में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में पूर्व ग्राम प्रधान कोठार बलदेव सिंह, नरेंद्र सिंह, कर्ण सिंह, शिव सिंह, धूम सिंह ने कहा कि डागर पट्टी और अकरी-बारजूला पट्टी के दर्जनों गांव में विगत चार दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, लेकिन सम्बंधित विभाग अभी तक आपूर्ति बहाल नहीं कर पाया है। उन्होंने बताया कि जगह-जगह विद्युत लाइनें ध्वस्त हो रखी हैं। ट्रांसफार्मर भी कहीं जगह खराब पड़े हुए हैं। कहा कि यदि जल्द से बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जाती है तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संजय प्रसाद, गौरव राणा, अरूण नेगी, जसवंत सिंह, अभिषेक नेगी, सुरेश सिंह, रघुवीर सिंह, महावीर सिंह, विक्रम सिंह, तनुज बडोनी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### गढ़वाल विवि में इको वैन एवं ई-रिक्शा सेवा शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की वर्षों पुरानी मांग को आखिरकार सफलता मिल गई है। विश्वविद्यालय परिसर में इको वैन एवं ई-रिक्शा सेवा का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शुभारम्भ करते हुए इको वैन एवं ई-रिक्शा को छात्रों की सेवा के लिए समर्पित किया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि छात्रों को हर प्रकार की सुविधा देने और छात्रों की समस्या का समय से निस्तारण करना उनका मुख्य मकसद है।

पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा ने कहा कि छात्रों को ई-रिक्शा की सुविधा दिए जाने को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक चौरास परिसर से छात्र-छात्राओं को पैदल का सफर तय करना पड़ता था, लेकिन अब इको वैन एवं ई-रिक्शा की सुविधा मिलने से छात्रों को बस पकड़ने सहित परीक्षा में समय पर पहुंचने में आसानी होगी। एबीवीपी ने मांग पूरी होने पर विवि प्रशासन का आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

### मंडुआ के विपणन हेतु कृषकों को मिलेगा लाभ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राज्य सरकार द्वारा स्टेट मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत पारंपरिक फसल मंडुआ (रागी) के प्रोत्साहन एवं उचित मूल्य सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2025-26 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 48.86 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों के कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना एवं मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देना है।

मुख्य कृषि अधिकारी रुद्रप्रयाग लोकेन्द्र बिष्ट ने जनपद के कृषकों, स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक समूहों, ग्राम संगठनों, क्लस्टर लेवल फेडरेशन एवं आजीविका संघों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक मात्रा में मंडुआ का संग्रहण कर एम.पी.ए.सी.एस. के माध्यम से उसका विपणन सुनिश्चित करें।

# गुलजार हुआ बाजार, सुहागिनों ने की खूब खरीददारी

### करवाचौथ की तैयारियों को लेकर गुलजार हुआ कोटद्वार बाजार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दस अक्टूबर को मनाए जाने वाले सुहागिनों के त्योहार करवाचौथ को लेकर बाजार सज चुके हैं। गुरुवार को महिलाओं ने बाजार पहुंच करवा, कलश, थाली सहित अन्य सामान की खरीदारी की। शाम चार बजे के बाद बाजार में महिला खरीदारों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिला। करवाचौथ से एक दिन पहले कोटद्वार बाजार ग्राहकों की भीड़ से गुलजार हो गया। देर शाम तक महिलाओं ने खूब खरीदारी की। मालनी मार्केट में सबसे अधिक भीड़ उमड़ी हुई थी। महिलाओं ने करवाचौथ के लिए करवा, कलश, थाली, मां करवा की फोटो, माता की चुनरी की खरीदारी की। साड़ी, सूट, सोने-चांदी और आर्टिफिशियल गहने, सैंडल और पर्स की दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। महिलाओं में त्योहार को लेकर सोने-चांदी के आभूषण और चूड़ियों का क्रेज दिखाई दिया। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी जमकर खरीद हो रही है। खरीदारी करने पहुंचीं श्वेता, ममता आदि ने बताया कि करवाचौथ पर चूड़ियों का सबसे अधिक महत्व है। बाजार में तरह-तरह के चूड़ियों के सेट उपलब्ध है। सजने के लिए ब्यूटी पार्लर व मेंहदी स्टाल में सुबह से ही महिलाओं ने नंबर लगाए हुए थे। बाजार में बढ़ी ग्राहकों की भीड़ से व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे थे। कई महिलाओं ने एक सप्ताह पूर्व ही ब्यूटी पार्लर बुक करवा दिया था। स्टाल में मेहंदी लगा रहे मुकेश सिंह ने बताया कि सौ रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक की मेहंदी लगाई जा रही है।



कोटद्वार बाजार में खरीददारी करती महिलाएं

### मौजा ढुंगा गांव में भालू की धमक, दहशत में ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। चौबट्टाखाल तहसील के अंतर्गत संगलाकोटी के ग्राम मौजा ढुंगा में पिछले कई दिनों से भालू का आतंक बना हुआ है। गांव से कुछ दूर स्थित पनघट के समीप स्थित पेड़ पर भालू ने अपना डेरा बनाया हुआ है। पूर्व में पनघट पर पानी लेने के लिए जाने वाली महिलाओं को भालू दौड़ा भी चुका है। इस संबंध में ग्रामीण वीरेंद्र सुंदरियाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि रात के अंधेरे में कई बार भालू गांव में पहुंच जाता है। इसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही पूरे गांव में सन्नाटा फैल जाता है। भालू के कारण बच्चों व बुजुर्गों को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। कहा कि इस संबंध में वह कई बार वन विभाग से भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। बताया कि उनके क्षेत्र में चार भालू, पांच गुलदार जगह-जगह नजर आ रहे हैं।

# काश्तकारों को सरकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आत्मा योजना के तहत कृषि विभाग की ओर से विकासखंड दुगड्डा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में काश्तकारों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि अधिक से अधिक काश्तकारों को योजनाओं का लाभ उठाकर बेहतर खेती में अपना योगदान देना चाहिए। विकासखंड दुगड्डा में किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सुखपाल शाह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रभारी केहर सिंह ने काश्तकारों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि काश्तकारों के हितों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। 80 प्रतिशत सब्सिडी के साथ काश्तकारों को कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कहा कि जिन काश्तकारों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि नहीं पहुंची वह न्याय पंचायत प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए आधार सीडिग, लैंड चीडिग, बैंक में जाकर केवाईसी करना अति आवश्यक है। ब्लाक स्तर पर बेहतर काश्तकार को दस हजार रुपये जिला स्तर पर 25 हजार रुपये व राज्य स्तर पर पचास हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। समाज कल्याण से संजीव पाल ने भी काश्तकारों को समाज कल्याण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सूरज सिंह, गौरव चौधरी, शशि मोहन, संगीता देवी, किरण देवी, रोशन सिंह, बृजमोहन नेगी आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला पुलिस का डंडा, काटे चालान



कोटद्वार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : त्योहार सीजन में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरु कर दिया है। गुरुवार को पुलिस ने शहर के विभिन्न मार्गों पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाते हुए चालान की कार्रवाई की। इस दौरान अतिक्रणमारियों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

वर्तमान में त्योहार सीजन शुरु हो चुके हैं। ऐसे में प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीददारी करने को पहुंच रहे हैं। व्यवस्थाओं में सबसे अधिक खलल सड़क पर बेतरतीब घूमने वाली रेहड़ी-ठेली व सड़क के किनारे सफेद पट्टी के बाहर सजी दुकानें बन रही है। ऐसे में गुरुवार को पुलिस की ओर से शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। पुलिस ने झंडाचौक, गोखले मार्ग, लालबत्ती चौक, बदरीनाथ मार्ग, मालनी मार्केट सहित अन्य स्थानों पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान 11 दुकानदार व पांच रेहड़ी-ठेली वालों के चालान काटे गए। साथ ही पुलिस ने शहर में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के भी चालान काटे। आमजन से अपने वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने की अपील की गई।

# रजत जदली मिस्टर और शीतल नेगी बनी मिस फेसर

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समारोह में समा बांधा। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर रजत जदली को मिस्टर फ्रेशर और शीतल नेगी को मिस फ्रेशर का खिताब दिया गया।

बुधवार देर शाम को बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित महाविद्यालय के मैदान में आयोजित फ्रेशर पार्टी का कालेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (सेनि.), डायरेक्टर पूनम नेगी और डायरेक्टर सौम्या नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत बीबीए की छात्राओं के समूह नृत्य के साथ हुआ। इसके बाद बीसीए, बीएससी-आईटी, बीबीए, बीएचएम, एमसीए और एमबीए के छात्र-छात्राओं ने हिंदी, गढ़वाली, राजस्थानी आदि गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

फ्रेशर पार्टी का मुख्य आकर्षण रैंप प्रतियोगिता रही। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रैंप पर कैट वाक, गीत, कविता, शोरो शायरी और नृत्य के माध्यम से जलवे बिखेरे। निर्णायक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड हर्षपाल सिंह रावत, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान, होटल मैनेजमेंट विभाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य और असिस्टेंट प्रो. श्वेता चौधरी के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर पर रजत जदली को मिस्टर फ्रेशर और शीतल नेगी को मिस फ्रेशर, जबकि विश्वास मंझेडा को मिस्टर पर्फामर और खुशी रावत को मिस चार्मिंग का खिताब दिया गया। समारोह के अतिथियों ने सभी विजेताओ को शेसे और उपहार देकर सम्मनित किया। इसके बाद डीजे म्यूजिक का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक छात्र-छात्राएं थिरकते रहे। समारोह में कार्यक्रम संयोजक असिस्टेंट प्रो. सपना नेगी रौथाण, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, आईक्यूएससी प्रभारी प्रवीण त्रिपाठी, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के आईएचएमएस में आयोजित समारोह में प्रतिभाग करती छात्राएं।

# रैली निकालकर बेहतर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बाल विकास विभाग की ओर से शहर में पोषण रैली निकालकर महिलाओं व बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान आमजन से बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ न खाने की भी अपील की गई।

गुरुवार को बाल विकास परियोजना विकासखंड दुगड्डा के आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कोटद्वार क्षेत्र में रैली निकाली गई। रैली को नगर आयुक्त पीएल शाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कौडिया कैंप से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों, तीलू रौतेली चौक व झंडाचौक से होते हुए तहसील में संपन्न हुई। पोषण संबंधी पोस्टर, बैनर और नारों के माध्यम से आमजन को पोषण के प्रति जागरुक किया गया। कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। बाजार में खुले में बिकने वाली वस्तुओं का सेवन न करें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। रैली का संचालन प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवाली, बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर वसुंधरा नेगी, संतोषी गुसाईं, सुनीता देवी ने किया।



कोटद्वार में रैली निकालती बाल विकास विभाग से जुड़े सदस्य

### शिविर 13 अक्टूबर को

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : प्रखंड एकेश्वर के अंतर्गत इंटर कालेज नौगांवखाल में 13 अक्टूबर को एक दिवसीय सहायता उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

खंड शिक्षा अधिकारी डा. गुंजन अमरोही ने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कानपुर की एलिम्को संस्था की तरफ से शिविर लगाया जाएगा। शिविर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिह्निकरण के अलावा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से विकलांग प्रमाण पत्र भी निर्गत किए जाएंगे। शिविर में समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजनों के चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देगा। उन्होंने प्रखंड पोखड़ा व एकेश्वर क्षेत्र के लोगों से शिविर का लाभ उठाए जाने का आग्रह किया।

# पोस्ट आफिसों में पेपरलेस मोड़ में होगा पूरा काम

### डाक परिमंडल पौड़ी में 6 लाख से अधिक बचत खाते

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : डाक विभाग के अपने पूरे परिमंडल में 26 जगहों पर आधार सेंटर संचालित किए हैं। इन सेंटरों पर आधार के अपडेट से लेकर नए आधार कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। गुरूवार को विश्व डाक दिवस पर भी विभिन्न योजनाओं के बारे में स्टॉल लगाकर परिमंडल में लोगों को जानकारी दी गई। डाक अधीक्षक ने बताया कि डाक महकमा अपने उपभोक्ताओं को नेट बैकिंग की तर्ज पर सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही अब ई-केवाईसी की शुरूआत भी हो गई है। इसकी मदद से अब खाताधारकों को हार्ड कॉपी में कुछ नहीं देना पड़ेगा। इसके साथ ही पूरा काम पेपरलेस मोड में भी आ जाएगा। पूरे डाक परिमंडल पौड़ी में विभाग के अकेले 6 लाख से अधिक बचत खाते संचालित है।

विश्व डाक दिवस पर गुरुवार को डाक अधीक्षक कार्यालय में कार्मिकों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न योजनाओ की प्रगति की समीक्षा डाक अधीक्षक ने की। कहा कि इस पूरे सप्ताह आयोजित हुई गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट बनाई जाए। डाक अधीक्षक पौड़ी दीपक शर्मा ने बताया कि कि 10 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत विभिन्न क्रियाकलापों के जरिए विभाग लोगों को डाक सेवाओं के बारे में जानकारी दे रहा है। कहा कि डाक सप्ताह के तहत वित्तीय सुविधाओं से लेकर प्रोद्योगिकी, डाक टिकट आदि के बारे में जानकारियां दी गई है।

# उत्तराखण्ड भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्काउट भवन पौड़ी में उत्तराखण्ड भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा का शुभारंभ उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रशिक्षण का सर्वोच्च स्तर है, जिसमें प्रशिक्षार्थियों की कौशल, ज्ञान, सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता की मूल्यांकन प्रक्रिया की जाती है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रणजीत सिंह नेगी, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्काउट-गाइड ध्वज फहराकर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि ्रराज्य पुरस्कार जांच परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण का प्रतीक है।्र इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी प्रादेशिक संगठन आयुक्त वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने शिविर को संबोधित किया। समारोह के दौरान ध्वज गीत, प्रतिज्ञा, राष्ट्रगान तथा सामूहिक उद्घाटन प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन भी किया गया। राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगी, जिसमें विभिन्न विकासखंडों से आये स्काउट्स एवं गाइड्स भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला सचिव केसर सिंह असवाल, मुख्य संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती शकुंतला बड़ाकोटी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनमोहन भट्ट, पृथु भण्डारी, संजय भट्ट, राकेश भारती, राकेश भट्ट, श्रीमती इंदु नेगी उपस्थित रहे।

### बाजार में करवाचौथ की खरीदारी से रौनक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : करवाचौथ के लिए पौड़ी बाजार सज गया है। गुरुवार को व्रत को लेकर बाजार में महिलाओं की खूब चहल पहल रही। इस दौरान महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने करवा, कथा किताब, पोस्टर, मेहंदी, छन्नी, मिट्टी के दीये आदि की खरीदारी की।

मुख्यालय मे गुरुवार को धारा रोड से लेकर कलेक्ट्रेट मार्ग पर सड़क किनारे दुकानें सजी रही। महिलाएं इन दुकानों में करवाचौथ को लेकर खरीददारी करती भी दिखाई दी। शुक्रवार को करवा चौथ को त्योहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं बाजारों में आई। गुरुवार को मौसम भी गुमसुम ही बना रहा। पूरे दिन हल्की ही धूप रही और बीच-बीच में बादल भी छाए रहे। इससे मुख्यालय में मौसम सर्द बना रहा।

# दुगड्डा की शिवानी चौहान रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : समग्र शिक्षा योजना के तहत राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा की शिवानी चौहान प्रथम रही।

राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज कोटद्वार के सभागार में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय पॉलिटेक्निक कोटद्वार के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया। प्रतियोगिता में जनपद पौड़ी के 14 विकासखंडों से कुल 22 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के क्वांटम युग का आरंभ संभावनाएं और चुनौतियांह्व विषय पर छात्रों ने अपना व्याख्यान एवं प्रस्तुतीकरण किया। लिखित परीक्षा एवं व्याख्यान के आधार पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा की शिवानी चौहान ने प्रतियोगिता में प्रथम, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमणगांव विकासखंड रिखणीखाल की अवनि देवरानी ने द्वितीय व अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चैलूसैण विकासखंड द्वारीखाल की अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर समग्र शिक्षा की जिला समन्वयक रीना रावत, अजय बिष्ट, संतोष सिंह नेगी, दीपक नौटियाल, रीना रावत, डायट प्रवक्ता भारत भूषण परमार, जिला विज्ञान समन्वयक दौलत सिंह गुसाईं, प्रवक्ता परितोष रावत, रश्मि रावत, सीतांशु खुशहाल, मनोज रावत, पूनम पांथरी, महेंद्र सिंह राणा, नवीन असवाल, निशा रावत आदि मौजूद रहे।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

# घर व मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी दबोचा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत खूनीबड़ स्थित शिव मंदिर व एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। चोरी के कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि तीन अगस्त को सुनील अमोली की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि अज्ञात बदमाश ने उनके घर के कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नगदी, ज्वैलरी व टीवी पर हाथ साफ कर दिया है। वहीं, छह सितंबर को मामले में हरीश बड़थ्वाल की ओर से भी तहरीर दी गई थी। उन्होंने बताया कि खूनीबड़ स्थित शिव मंदिर से दान पात्र चोरी हो गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में एक ही व्यक्ति दोनों चोरी की घटना को अंजाम देता हुआ दिखाई दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि मामले में उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर नयागांव निवासी दीपक सैनी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास से दो जोड़ी पायल, एक एलईडी, एक चांदी की कमर बंद, दो चांदी के कड़े, दस रुपए के नोटों की दो माला बरामद हुई है। आरोपित ने बताया कि उसने ज्वैलरी को बेच कर मोबाइल फोन व स्पीकर खरीद दिया है।



कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

### श्रीनगर में एसएफआई ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) श्रीनगर इकाई ने गुरुवार को समाज में दलितों पर लगातार बढ़ रहे अत्याचारों और हाल ही में देश के मुख्य न्यायाधीश के ऊपर जूता फेंकने वाली घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर गेट के समीप प्रदर्शन करते हुए एसएफआई से जुड़े छात्र-छात्राओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए देश में हर नागरिक को समानता, न्याय और सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की। इस मौके पर उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेठा और एसएफआई श्रीनगर इकाई की सचिव अंजलि ने कहा कि लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, ना कि हिंसा की।

# मंडल मुख्यालय में जल्द लगेगें स्मार्ट मीटर, यूपीसीएल ने पूरी की तैयारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मंडल मुख्यालय पौड़ी में जल्द ही उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगने जा रहे हैं। यूपीसीएल ने इसको लेकर तैयारी कर दी है। पौड़ी डिवीजन के अधीन आने वाले उपभोक्ताओं के भी अब स्मार्ट मीटर अगले महीने से लगने शुरू हो जाएंगे। जिले के कोटद्वार और श्रीनगर डिवीजनों में स्मार्ट मीटर इन दिनों लग रहे है। यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता अभिनव रावत के मुताबिक स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उपभोक्ताओं को बिना रीडिंग बिल संबंधी समस्या से भी नहीं जूझना पड़ेगा। वहीं उपभोक्ता चाहे तो अपने मीटर को आने वाले समय में प्रीपेड भी भी कनर्वट कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर लगाएं जाने से विभाग की भी मेन पॉवर कम लगेगी और मीटर रिडिंग को लेकर कुछ काम कम हो जाएगा।

पौड़ी में अभी तक महज 44 स्मार्ट मीटर बिजली विभाग ने लगाए हैं। ये भी पंपिंग पेयजल योजनाओं पर अधिकतर लगे हैं। अन्य उपभोक्ताओं के अभी तक साधारण मीटर ही लगे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग से संबंधित शिकायतें भी कम हो जाती है। हालांकि स्मार्ट मीटर को लेकर श्रीनगर आदि में विरोध भी हुआ है। बिजली विभाग पौड़ी के अधिशासी अभियंता अभिनव रावत ने बताया कि जिले के श्रीनगर और कोटद्वार में इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाएं जा रहे है। कोटद्वार में करीब 16 हजार स्मार्ट मीटर लगने है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी दून में समूह की महिलाओं ने तैयार की दिवाली के लिए एलइडी लाइट

देहरादून। राजधानी देहरादून की विकासखंड रायपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के वोकल फॉर लोकल मिशन की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अंतर्गत रायपुर ब्लॉक की महिलाओं ने आगामी दीपावली त्यौहार को लेकर घर की सजावट में उपयोग में आने वाली एलईडी लड़ी खुद बनाकर बाजार में उचित मूल्य पर बेच रही है। साथ ही चाइनीज़ सजावटी आइटमों के उपयोग को भी कम करने का संदेश दे रही है।

वोकल फॉर लोकल की मुहीम को आगे बढ़ाते हुए रायपुर ब्लॉक की सभी महिलाओं ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मदद लेकर 01 लाख 20 हज़ार एलईडी लड़ी के पैकेट बनाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें से उन्होंने अभी तक 01 लाख से अधिक एलइडी लड़ी के पैकेट बनाकर बाजारों में उचित मूल्य पर बेच दी है।

प्रत्येक एलईडी लड़ी के पैकेट में 12 फीट की 10 लड़िया मौजूद हैं। जिसकी पैकेजिंग भी खुद महिलाएं अपने आप मिलकर कर रही हैं। प्रत्येक पैकेट का बाजार मूल्य 1000 से 1200 रुपए है। जिसमें महिलाएं प्रत्येक पैकेट से 100 से 150 रुपए की आर्थिक आय अर्जित करने में सफल है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ाई जाए पुलिस पेट्रोलिंग : व्यापारी

हरिद्वार। त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही शहर के बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। इस दौरान असामाजिक तत्वों की सक्रियता को देखते हुए महानगर व्यापार मंडल ने पुलिस प्रशासन से मुख्य बाजारों और कॉलोनियों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को एसपी सिटी पंकज गैरोला को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि त्योहारों के मौसम में खरीदारों की भीड़ बढ़ने के साथ ही ठग और शरारती तत्व सक्रिय हो जाते हैं। ये लोग कभी चेन लूट, तो कभी झगड़े या खरीदारों से ठगी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को सक्रिय रहते हुए मुख्य बाजारों में नियमित पेट्रोलिंग करनी चाहिए, ताकि शहर का माहौल शांत और सुरक्षित बना रहे।

### बीकेटीसी पूर्व अध्यक्ष अजेंद्र अजय का कांग्रेस नेता गोदियाल पर हमला

देहरादून। बीकेटीसी पूर्व अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल पर गुरुवार को तीखा हमला बोला। कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वाले गोदियाल पहले अपने गिरेबां में छांके। बीकेटीसी का सबसे बड़ा भर्ती घोटाला उन्हीं के अध्यक्ष रहते हुआ। कमिश्नर गढ़वाल की जांच में भी उनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की पुष्टि हो चुकी है। अजेंद्र अजय ने कहा कि कांग्रेस नेता लगातार अनर्गल बयानबाजी कर दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने को संस्थानों की छवि धूमिल कर रहे हैं। जबकि हकीकत ये है कि सबसे अधिक गड़बड़ियां, घोटाले, वित्तीय अनियमितताएं उनके बीकेटीसी अध्यक्ष रहते हुई। बिना विज्ञप्ति जारी किए अपने करीबियों को उन्होंने बीकेटीसी में भर्ती किया। बैकडोर से रखे गए अस्थाई कर्मियों को बिना नियम कानूनों के सीधे स्थायी कर दिया। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हुईं। बीकेटीसी के बजट का दुरुपयोग किया गया। कहा कि इन्हीं तमाम आरोपों, भ्रष्टाचार, गड़बड़ियों की कमिश्नर गढ़वाल स्तर से जांच हुई थी। जांच रिपोर्ट में इन तमाम भ्रष्टाचार की पुष्टि हो चुकी है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने 55 किलो मिठाई नष्ट कराई

हरिद्वार। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को सुमन नगर क्षेत्र में छापेमारी कर मावे से बनी 55 किलो मिठाई को नष्ट कर दिया। 40 किलो सफेद रसगुल्ला और 15 किलो गुलाब जामुन को नष्ट कर दिया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी और वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए एकड़ खुर्द निवासी अब्दुररहमान को बाइक के साथपकड़ लिया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अब्दुलरहमान बाइक से 40 किलो सफेद रसगुल्ले और 15 किलो गुलाब जामुन सारी और हरिद्वार में सप्लाई करने के लिए ले जा रहा था।

# देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों और संसाधनों को प्राथमिकता देना जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भारतीय जनता पार्टी भाबर मंडल ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी को अपनाने के संकल्प को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया।



भाबर क्षेत्र में उमरावनगर स्थित सामुदायिक सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया एवं स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं को लागू कर देश के प्रतिभावान युवाओं, महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यम स्थापित करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों और संसाधनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कहा कि छोटे उद्योग, हस्तशिल्प और कृषि आधारित रोजगार को बढ़ावा देना ही भारत की वास्तविक शक्ति है। हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में लोगों को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक 90 दिनों अनवरत चलने वाले आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत स्वदेशी मेले, युवा और महिला सम्मेलन, छात्र-छात्राओं के मध्य क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता, व्यापारी और व्यवसाई सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित कर स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर जन जागरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और जिस तरह से भारत औद्योगिक, आर्थिक क्षेत्र में विकास कर रहा है उससे स्पष्ट है कि यह लक्ष्य समय से पहले पूरा हो जाएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अपनाने और ढट द्वारा दिए वोकल फॉर लोकल मंत्र के अनुसरूप स्थानीय उत्पादों का ब्रांड एम्बेसडर बनकर उनका व्यापक प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। भाबर मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष बीरेंद्र रावत, भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र आर्य, मण्डल संयोजक प्रमोद बहुखंडी, महामंत्री अभिषेक नेगी ने संबोधित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विकास दीप मित्तल, भाजयुमो नेता शांता बमराड़ा, पार्षद शशिकांत जोशी, प्रमोद केष्टवाल, अमित नेगी, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती अनीता रावत, श्रीमती विजेता डबराल, जगत सिंह रावत आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन सतेन्द्र सिंह ने किया।

## जखोली की लस्तर नहर के निर्माण की फिर से जगी उम्मीद

रुद्रप्रयाग : जनपद के जखोली ब्लॉक में बीते लंबे समय से बहुप्रतीक्षित लस्तर-बायां नहर के निर्माण की एक बार फिर से उम्मीद जग गई है। वर्ष 1978 में इस नहर के निर्माण की मांग की गई थी, किंतु इसके लिए तबसे लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। वर्ष 2008-09 में इस नहर के निर्माण के लिए 3 करोड़ के पाइप भी खरीदे गए, किंतु नहर का निर्माण नहीं हो सका। अब एक बार फिर नहर के निर्माण की उम्मीद जग गई है। स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इसके निर्माण की घोषणा करवाई। जबकि इस योजना को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करवाया गया। वर्ष 2023-24 में इसके निर्माण को लेकर प्रथम चरण में सर्वेक्षण एवं डीपीआर गठन के लिए 38 लाख की धनराशि स्वीकृत करवाई गई, जिसमें कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग रुद्रप्रयाग द्वारा 90 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। जिमसें मुख्य नहर की लम्बाई 29.8 किमी. रखी गई है। साथ ही शाखा गूल 27.45 किमी. स्टोन मैसनरी और 27.45 किमी. कच्ची गूल है। इससे बांगर एवं सिलगढ़ क्षेत्र की 2 दर्जन गांव की 855 हैक्टेयर भूमि सिंचित की जाएगी। इसके निर्माण को लेकर तैला में कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग रुद्रप्रयाग के सहयोग में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी द्वारा प्रतिभाग किया। उन्होंने उपस्थित हितधारकों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सुझावों को योजना निर्माण में शामिल करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। विधायक ने कहा कि नहर के निर्माण के लिए 90 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। जल्द ही इसके निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की जाएगी जिससे नहर निर्माण की कार्यवाही शुरू हो सके। लंबे समय से क्षेत्रीय जनता का नहर निर्माण को लेकर जो सपना था, वो जल्द साकार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य त्वरित गति से चल रहे है।

## साहित्य और कला उत्सव : देहरादून में दो दिवसीय भव्य आयोजन

देहरादून। द लिटरेरी टेबल (टी.एल.टी.), जो कि आरोग्य वेलबीइंग ट्रस्ट की एक पहल और लेखक–पाठक मंच है, देहरादून में होने जा रहे अपने "साहित्य और कला उत्सव" की घोषणा करते हुए अत्यंत हर्षित है। यह दो दिवसीय आयोजन 11 और 12 अक्टूबर 2025 को फेयरफील्ड बाय मैरियट, देहरादून में आयोजित किया जाएगा। इस उत्सव का उद्देश्य देहरादून के स्थानीय लेखकों और रचनाकारों को प्रोत्साहन देना और साहित्य, संस्कृति एवं कला के समृद्ध संवाद को मंच प्रदान करना है। ओएएसएस स्कूल इस आयोजन का साहित्यिक सहयोगी (लिटरेरी पार्टनर) है, वहीं कई संस्थान और स्थानीय उद्यमी इस आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं। इस पूरे उत्सव का संचालन और निर्देशन डॉ. अलोका दासगुप्ता नियोगी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार, 11 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे उद्घाटन समारोह के साथ होगा, जिसके बाद चार आकर्षक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

रविवार, 12 अक्टूबर को कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आरंभ होगा, जिसमें नौ प्रेरणादायक सत्र शामिल रहेंगे। यह दो दिन साहित्यिक संवाद, विमर्श और प्रेरणा से परिपूर्ण रहेंगे, जहां देश के प्रतिष्ठित लेखक, चिंतक और कलाकार अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे।

### उत्तराखंड में कांग्रेस अग्निवीर योजना के खिलाफ तेज करेगी अभियान

देहरादून। अग्निवीर योजना के खिलाफ कांग्रेस अभियान तेज करेगी। गढ़वाल मंडल में अभियान पूरा करने के बाद कांग्रेस अब कुमाऊं मंडल में अभियान शुरू करने जा रही है। गुरुवार को गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि अग्निवीर योजना देश के की सुरक्षा और युवाओं के रोजगार के लिहाज से बेहद खतरनाक है। इस योजना के पहले ही दिन से दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। देश की रक्षा में जान गंवाने वालों को शहीद का दर्जा तक नहीं दिया जा रहा है। पूरी योजना में विसंगतियां ही भरी हैं। चार साल बाद युवा बेरोजगार हो रहे हैं। पेंशन तक नहीं मिल रही है। न ही कैंटीन का लाभ दिया जाता है। युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कर्नल रामरतन नेगी ने कहा कि पहाड़ के युवाओं के लिए सेना सिर्फ एक रोजगार नहीं, बल्कि देश भक्ति है। पहाड़ के वीरों की शौर्य गाथाओ पर हमेशा देश को मान रहा है।

## विधिक जागरूकता शिविर में छात्रों को दी कानूनी जानकारी

### सिविल जज सीनियर डिवीजन ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय इंटरक कॉलेज सतपुली में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी सुरक्षित दवाएं सुरक्षित जीवन अभियान के संबंध में जानकारियां दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी श्रीमती नाजिश कलीम ने मलेठी, सतपुली स्थित वृद्धाश्रम आश्रम का औचिक निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात की और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हाइजीन किट एवं मेडिकल किट वितरित की गई।



गुरुवार को आयोजित शिविर में सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं प्राधिकरण की सचिव नाजिश कलीम ने नालसा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं, बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं, नालसा आशा-जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर योजना, निःशुल्क कानूनी सहायता, भरण पोषण, पोक्सो अधिनियम, पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस मौके पर सिविल जज जूनियर डिवीजन सतपुली नेहा, प्रधानाचार्य जसवंत सिंह रावत, रिटेनर अधिवक्ता कुसुम नेगी, जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आशीष गोसाई, जिला समन्वयक तंबाकू नियंत्रण श्वेता गोसाई, उपनिरीक्षक सोहन लाल, पीएलवी मनीष कुमार, हरि सिंह, विनोद चौहान आदि मौजूद थे।

## जंगली जानवरों का भय, तीन दिन से स्कूल नहीं गये डांगी गांव के बच्चे

### सड़कों के किनारे उगी झाड़ियां, जंगली जानवरों के खतरे का अंदेशा

**जगमोहन डांगी।**

पौड़ी : जनपद के राज्य राजमार्ग-32 पौड़ी-सतपुली-कांसखेत-बघाट के अलावा विकासखंड कल्जीखाल की ग्रामीण क्षेत्रों में लिंक मार्गों पर उगी झाड़ियां राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का सबक बन रही है। आलम यह है कि जंगली जानवरों के भय के कारण विगत तीन दिनों से डांगी गांव बच्चे स्कूल नहीं गये है। ऐसे में बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के अभिभावकों एवं परेशान लोगों ने जिला प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।



कई क्षेत्रों में सड़क मार्ग संकरा होने के कारण वाहन चालकों को दो-चार होना पड़ रहा है। इसके अलावा सबसे ज्यादा भय स्कूली बच्चों में बना हुआ है, क्योंकि कब किस झाड़ी में गुलदार घात लगाकर बैठा हो, लेकिन ग्रामीणों को इस समस्या से फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। विकासखंड कल्जीखाल के कई ग्रामीण क्षेत्रों में मोटर मार्गों के किनारे उगी झाड़ियां इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। चिंता की बात यह है कि सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों का यह हाल तब देखने को मिल रहा है जब आए दिन जंगली जानवरों और मानव के बीच चल रहा खूनी संघर्ष किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में कई बार इन्हीं झाड़ियों में जंगली जानवरों के छिपने का अंदेशा बना रहता है। खासकर पलायन वाले क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम पंचायत थनूल व डांगी बनेख आदि मोटर मार्गों के किनारे कई स्थानों पर उगी झाड़ियां स्थानीय लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। लेकिन इस ओर ध्यान न दिए जाने से दिन प्रतिदिन स्थिति गंभीर होती जा रही है। मनियारस्यूं वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष कर्नल (रिटायर) आनंद कुमार थपलियाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मार्गों के किनारे उगी झाड़ियों से जंगली जानवरों के छिपने और उनके हमले का भय बना रहता है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को कई किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। ऐसे में रोज उनके अभिभावक उन्हें रोज छोड़ने और लाने जाते है। जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित होती है।

## खाद्य संरक्षा विभाग ने बाजारों का किया निरीक्षण

### खाद्य सामग्री के 9 सेम्पल जांच के लिए भेजे प्रयोगशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर त्योहारों के सीजन को देखते हुए खाद्य संरक्षा विभाग की ओर से बाजारों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग की ओर से बाजारों में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। विभाग की ओर से जनपद के बाजारों में निरीक्षण कर अभी तक 9 प्रतिष्ठानों से 9 खाद्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।



सहायक आयुक्त खाद्य संरक्षा अमिताभ जोशी ने बताया कि त्योहारी सीजन के देखते हुए बाजारों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। बताया कि वर्तमान तक ग्वालदम, नारायणबगड़, चमोली और गोपेश्वर बाजारों में मिठाई की दुकानों के साथ ही अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता की जांच के लिए 9 प्रतिष्ठानों से सेम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी बाजारों में तहसील प्रशासन और जिला पूर्ति विभाग की टीमों के साथ निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान व्यवसायियों को सफाई का विशेष ध्यान रखने के साथ ही कालातीत हो चुके सामान का समय से निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

कहा कि आम जन मानस की सुरक्षा को देखते हुए जनपद के बाजारों में खाद्य सामग्री की जांच का अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर तहसीलदार दीप्ति शिखा, जिला पूर्ति अधिकारी अंकित पांडे आदि मौजूद थे।

## टोबैको फ्री यूथ कैंपेन शुरू, दो माह तक चलेगा अभियान

### 30 गांव को तंबाकू मुक्त ग्राम, 400 स्कूल को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने का लक्ष्य

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन शुरू हो गया है, आगामी 60 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत तंबाकू के खतरों को लेकर आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ तंबाकू नियंत्रण अधिनियमों की पालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।जिला सभागार में जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में आयोजित अंतर विभागीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राम प्रकाश द्वारा टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आगामी 60 दिनों तक तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में जन-जागृति की जाएगी। उन्होंने समस्त विभागों में तंबाकू निषेध के पोस्टर चस्पा किया जाना है व कार्यालय क्षेत्र को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाना है। समस्त विभाग अपने परिसर में कोटपा अधिनियम की धार 04 के अंतर्गत चालान अभियान चलाएंगे, 400 शिक्षण संस्थानों को टोबेको फ्री एजुकेशन इंस्टीट्यूशन गाइडलाइन के अनुसार तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित किया जाना है, स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू बिक्री कर रहे दुकानों का चालान किया जाना है,

### हरिद्वार में राज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत

हरिद्वार। उत्तरांचल कर्मचारी–शिक्षक संगठन ने गुरुवार को राज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया। शिक्षक नेता सोहन सिंह रावत ने कहा कि राज्य कर विभाग के पुनर्गठन में संगठन हर संभव सहयोग करेगा। राज्य कर कार्यालय रोशनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अजय कुमार पाल, शाखा मंत्री देवेंद्र सिंह, संरक्षक राजेन्द्र बोहरा, मुख्य सलाहकार राजीव यादव और अजय यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयाल सिंह चौहान और राजबीर सिंह, उपाध्यक्ष अजय सैनी और अमित सिंह, संगठन मंत्री एवं प्रवक्ता सचिन सैनी, संयुक्त मंत्री दया शंकर शक्करवाल और वतन भारती, कोषाध्यक्ष मोहित राणा, ऑडिटर मोहित सिंघल, तथा प्रचार मंत्री जितेन्द्र कुमार, मोहित चौहान, अमित सागर और कृष्णा शामिल रहे।

## विद्यार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : हर वर्ष अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाने वाला विश्व दृष्टि दिवस इस वर्ष राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सैकोट में मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य सूचना, शिक्षा एवं संचार अधिकारी उदय सिंह रावत ने छात्रों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दृष्टि दोष में व्यक्ति को दूर या पास की वस्तु धुंधली दिखाई देती है। नजदीक का काम करते समय सिरदर्द, आंखों में पानी आना या ब्लैक बोर्ड के अक्षर साफ न दिखना इसके लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि उचित नंबर का चश्मा पहनने से दृष्टि दोष को ठीक किया जा सकता है। श्री रावत ने बताया कि विटामिन 'ए' आंखों के लिए अत्यंत आवश्यक पोषक तत्व है। इसकी कमी से बच्चों की दृष्टि कमजोर हो सकती है और 'रतौंधी' रोग भी हो सकता है। उन्होंने गाजर, पपीता, दूध, अमरूद, अंडे और हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे विटामिन 'ए' युक्त आहार का सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आंखों में चोट लगने या दृष्टि संबंधी किसी समस्या के होने पर नजदीकी नेत्र चिकित्सक या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करना चाहिए। साथ ही मोबाइल के सीमित उपयोग और नियमित नेत्र जांच को आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भरत सिंह राणा, रश्मि सजवाण, अनिल सकनानी, अनूप कुमार सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जड़ी बूटी शोध संस्थान ने नई शिक्षा प्रणाली के तहत क्षमता विकास की पहल शुरू की

### संस्थान ने महाविद्यालय के साथ ही विभिन्न विभागों के साथ किया एमओयू

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नई शिक्षा प्रणाली के तहत छात्र-छात्राओं की क्षमता विकास करने की मंशा से जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान मंडल, चमोली ने पहल की है। जिसके तहत गुरुवार को संस्थान ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर के साथ ही कृषि, उद्यान, सहकारिता, भेषज संघ सहित अन्य रेखीय विभागों के साथ एमओयू किया है। जिसके बाद अब जड़ी बूटी के कृषिकरण के प्रसार के साथ ही शोध करने वाले छात्रों को सुगमता से जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।



जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान के मंडल स्थित मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक और मुख्य विकास अधिकारी चमोली डा. अभिषेक त्रिपाठी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा प्रणाली में छात्रों के क्षमता विकास के लिए कार्यक्रमों का संचालन करने का प्रवधान किया गया है। जिसके तहत संस्थान की ओर से युवाओं को जड़ी-बूटी कृषिकरण और शोध कार्यों हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर व्यवसायिक तौर पर युवाओं का क्षमता विकास किया जाएगा। कहा एमओयू के तहत राजकीय महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान और रसायन विज्ञान के छात्रों प्रशिक्षण के साथ ही शोध कार्य में सहयोग किया जाएगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन के अन्य विभागों को एमओयू से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं की क्षमता विकास के साथ स्वरोजगार सृजन करना है। बताया कि संस्थान से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को स्वरोजगार के लिए भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर जड़ी-बूटी सलहाकार बोर्ड के उपाध्यक्ष बलवीर घुनियाल और भुवन विक्रम डबराल ने कहा कि जड़ी-बूटी शोध संस्थान की ओर से राज्य में जड़ी बूटियों के कृषिकरण से ग्रामीणों को आर्थिक मजबूती प्रदान की जा रही है। जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आया है। बताया कि राज्य में संस्थान की ओर से 20 हजार किसानों के साथ नौ सौ हेक्टयर भूमि पर जड़ी का कृषिकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य विभागों की ओर से बड़े पैमान पर कूट, कुटकी, अतीस जैसी जड़ी बूटियों का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से महाविद्यालय के साथ किया गया अनुबंध जड़ी बूटी कृषिकरण और शोध कार्यों को बढावा देने के लिए उठाया गया बेहतर कदम है। इस दौरान संस्थान के वैज्ञानिक डा. एके भंडारी ने छात्र-छात्राओं को जड़ी बूटी के उत्पादन, गुण, उपयोग और व्यावसायिक उपयोग के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर के प्रभारी प्राचार्य डा. दिनेश सती, परियोजना निदेशक आनंद भाकुनी, कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, मुख्य उद्यान अधिकारी नितेंद्र सिंह, डा. प्रियंका राणा, डा. रुपेश कुमार, डा. दिनेश गिरी, संस्थान के वैज्ञानिक डा. सीपी कुनियाल, डा. डीएस बिष्ट, डा. एके भंडारी, दिनेश तिवारी, मनोज जुयाल, विद्यासागर, देवेंद्र बिष्ट, पुनीत पुरोहित, संजीव बिष्ट, कलम सिंह झिंक्वाण, भेषज संघ सचिव विवेक कुमार सहित अन्य अधिकारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com